तापमान

अधिकतम 43 .4 डिग्री

न्यूनतम 26 .1 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 29 मई 2025



12 नशा जीवन का सबसे बड़ा दुश्मन, नशे से बचें छात्र





12 योग दिवस पर निकाली जाएंगी जन जागरण यात्राएं




## खबर संक्षेप

### एनएफएल,रिफाइनरी व थर्मल में मॉक ड्रिल आज

**पानीपत।** जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार ऑपरेशन शिल्ड के तहत नागरिकों की जागरूकता को लेकर वीरवार 29 मई को सांय 5 बजे एनएफएल, रिफाइनरी और थर्मल में मॉक ड्रिल होगी। जिसमें संबंधित अधिकारी मॉक ड्रिल करवाएंगे। संबंधित एसडीएम रात 8 से 8:15 तक अपने न्यायिक क्षेत्रों में ब्लैकआउट करवाना सुनिश्चित करेंगे। सायरन बजने के साथ ही बिजली ऑफ हो जाएगी।

### ठगी के आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम डाबर कॉलोनी निवासी दो युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर 32 लाख 85 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी सेक्टर 11-12 निवासी कमलजीत को आज जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। आरोपी कमलजीत ठगी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद था। थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगाने व ठगी गई नगदी बरामद करने का प्रयास करेंगी।

### एकाग्र शक्ति को बढ़ाता है योग : डा. जाटियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने बताया कि योग शारीरिक रूप से तो सुदृढ़ बनाता ही है साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाता है और एकाग्र शक्ति को बढ़ाता है। उन्होंने सामान्य जनों से अपील की है कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में इन योग प्रशिक्षण शिविरों में भाग लें। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि थानेसर ब्लॉक में राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में, पिहोवा ब्लॉक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा, शाहाबाद ब्लॉक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहबाद, लाड़वा तथा बबैन ब्लॉक में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

### विकसित कृषि संकल्प की तैयारियां पूरी : नेहा

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा से विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 29 मई को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार से करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी शिरकत करेंगे।

## गोदाम से खाद के 120 कट्टे लूटने के 8 आरोपी गिरफ्तार

खाद कट्टों को ट्रैक्टर-ट्राली व पिकअप में लेकर हो गए थे फरार

■ आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिले के गांव ताजकपुर के नजदीक स्थित खाद के गोदाम से आठ दिन पहले हथियारों के बल पर 120 यूरिया खाद के कट्टे लूटने के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लेगी। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने दी।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि थाना सदर यमुनानगर के गांं व ताजकपुर के पास एक यूरिया खाद के गोदाम पर यूरिया खाद का स्टाक रखा हुआ था। जहां पर एक होमगार्ड का जवान वा एक प्राईवेट सिक्योरटी गार्ड डयूटी पर तैनात थे। गत 19 व 20 मई की रात्रि को खाद के गोदाम में 14-15 अज्ञात बदमाश हाथों में देसी कट्टे, गंडासी, कुल्हाड़ी व लाठी डंडे लेकर घुस गए। इस दौरान आरोपियों ने हथियारों के बल पर वहां से यूरिया खाद के 120 कट्टे लूट लिए और उन्हें ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप में भरकर फरार हो गए।



**यमुनानगर।** पुलिस द्वारा खाद लूट मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी।

पुलिस ने उस समय अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि मामले की जांच का जिम्मा पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू को दिया गया। पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में उनकी टीम ने पुख्ता सबूत मिलने पर आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान गांव टोडरपुर निवासी नफीस उर्फ सोनू, मासूम, शाहिद उर्फ साहिल, गांव तिगरा निवासी आशिक,गांव अकालगढ निवासी शोयब,गांव कोट बसावा सिंह निवासी कुर्बान, व मुनव्वर के रुप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान वारदात में प्रयोग किया गया एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस व एक सोनालिका ट्रैक्टर मय ट्रार्ली बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इस वारदात के मुख्य सूत्रधार टोडरपुर निवासी नफीश व बिलाल और जाटांवाला निवासी मुस्तफा हैं। आरोपियों को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा।

### दो बाइक चोर काबू

**पानीपत।** डायल 112 गाड़ी पर तैनात पुलिस टीम को मंगलवार शाम को सूचना के आधार पर एक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सेक्टर 25 पार्ट टू में घूम रहे संदिग्ध किस्म के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कि उन्होंने अपनी पहचान डाडोला निवासी दीपक उर्फ पटवारी व रोहित उर्फ पेना के रूप में बताई। बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो वे बहाने बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बाइक 14 मार्च को पठान मोहल्ले में रविदास धर्मशाला के पास से चोरी करना स्वीकारा। उक्त वारदात बारे थाना किला में मोहित पुत्र राजेंद्र निवासी पठान मोहल्ला की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपियों ने बताया उन दोनों ने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर आज पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगे 11.45 लाख

■ पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

क्रिप्टो करंसी में पैसे लगाकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर तीन लोगों ने हुडा सेक्टर-15 निवासी हरिराम से 11 लाख 45 हजार रुपये हड़प लिए गए।

यह आरोप जिला पंचकूला के गांव बडौला निवासी सुखबीर सिंह, जिला कुरूक्षेत्र के गांव रतनगढ़ निवासी बलबीर व जिला अंबाला के गांव मुज्जफरा निवासी सोमनाथ पर लगा है। आरोपियों ने कुछ पैसे नकद तो कुछ पैसे आरटीजीएस करवाए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुडा सेक्टर-15 निवासी हरिराम ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मई 2023 में आरोपी सुखबीर सिंह, बलबीर सिंह व सोमनाथ उसे मिले। आरोपियों ने उसे क्रिप्टो करंसी में पैसा लगाकर अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया। वह आरोपियों की बातों में आ गया। इस दौरान आरोपियों ने नौ मई 2023 को उससे चार लाख रुपये कैश, 12 जून 2023 को एक लाख 80 हजार रुपये कैश, 20 जुलाई 2023 को आरोपी ने अपने अकाउंट में दो लाख 75 हजार रुपये आरटीजीएस तथा 31 जुलाई 2023 को छह लाख रुपये आरटीजीए करवाए।

इस प्रकार आरोपी ने उससे अलग अलग करके उससे 14 लाख 55 हजार रुपये ले लिए। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे क्रिप्टो करंसी में मुनाफा दिखाकर अलग-अलग करके करीब साढ़े तीन लाख रुपये वापस कर दिए। जब उसने आरोपियों से ओर पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया।

### पैसे मांगने पर धमकी

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने दोबारा पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए डॉ. अरविन्द चयनित

■ कुवि के पूर्व छात्र रहे हैं अरविंद कुमार, कुलपति ने दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. अरविन्द कुमार को हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।

इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भावनगर, सीएसआईआर के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट व कुवि के पूर्व छात्र डॉ. अरविंद कुमार को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिलना बडे.गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यहां के पूर्व इस शैक्षणिक संस्थान के ब्रांड एम्बेस्डर है जो शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर गौरवान्वित करने का कार्य करते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. अरविन्द कुमार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के एमएससी एवं पीएचडी के छात्र रहे हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न अवाड्र्स घोषित किये गए हैं। राज्य सरकार ने अप्रैल में हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर पुरस्कार विजेताओं के नामों को अंतिम रूप दिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी कृष्णा गेट थाना से हुआ फरार

**कुरुक्षेत्र।** कृष्णा गेट थाना से बुधवार को एक हवालाती फरार होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी थाने की हवालात का दरवाजा का ताला तोड़कर फरार हो गया। आरोपी के हवालात के फरार होने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश के लिए शहर भर में नाकाबंदी की लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नही आया।

थाना कृष्णा गेट प्रभारी जगदीश चंद ने बताया कि आरोपी इंद्रजीत पंजाब के फतेहगढ़ का रहने वाला है। 25 मई को गांधी नगर एक महिला ने इंद्रजीत के खिलाफ पुलिस में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। महिला ने इंद्रजीत पर दुष्कर्म के आरोप लगाए थे। इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था।

## केयू को मिली भूकंपीय खतरे संबंधी शोध परियोजना

■ वैश्विक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में केयू ने स्थापित किए हैं नए आयाम : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को भूकंपीय खतरे के आंकलन को लेकर प्रतिष्ठित भारत-इटली संयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की योजना के तहत केयू भूभौतिकी विभाग के वैज्ञानिकों की टीम को अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना मिली है।



इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने वैश्विक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना मिलना केयू की वैश्विक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता, उत्कृष्टता एवं प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से शोध दल में शामिल भूभौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. आरबीएस यादव (प्रमुख अन्वेषक) और डॉ. मनीषा संधू (सह-प्रमुख अन्वेषक) को विशेष रूप से बधाई दी। गौरतलब है कि भारत-इटली संयुक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग कार्यक्रम की ह्यशोधकतार्ओं के आदान-प्रदानह्ल योजना के तहत प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित है। वहीं शोध दल में भूभौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. आरबीएस यादव (प्रमुख अन्वेषक) व डॉ. मनीषा संधू (सह-प्रमुख अन्वेषक) के साथ राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), नई दिल्ली के डॉ. एपी सिंह और सीएसआईआर-एनईआईएसटी, असम के डॉ. शांतनु बरुआ शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का उद्देश्य भारतीय और इतालवी वैज्ञानिकों के बीच आपसी यात्राओं और संयुक्त अनुसंधान के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान के आदान-प्रदान और उन्नत तकनीकों के विकास को बढ़ावा देना है। केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने दोनों शिक्षकों को बधाई दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. संजीव अग्रवाल, भूभौतिकी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भगवान सिंह चौधरी सहित डॉ. आरबीएस यादव (प्रमुख अन्वेषक) और डॉ. मनीषा संधू (सह-प्रमुख अन्वेषक) मौजूद रहे।

## समय पर पहुंच कर करनाल में रोका बाल विवाह

■ प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त कार्रवाई सफल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

जिले में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील हस्तक्षेप करते हुए एक नाबालिग बच्ची का विवाह प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठनों की कार्रवाई से समय रहते रोका गया।

यह कार्रवाई बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, महिला संरक्षण एवं बाल विवाह अधिकारी भानू गौड़, पुलिस प्रशासन तथा एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम के समन्वय से की गई। जानकारी मिली



कि एक नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया है, बाल संरक्षण यूनिट, पुलिस विभाग और बाल कल्याण समिति ने मौके पर पहुंचकर परिवार से बातचीत की। उन्हें बाल विवाह की सामाजिक और कानूनी गंभीरता से अवगत कराया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पारित बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार किसी भी लडक्री की न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष और किसी भी लडक्े की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यह अधिनियम बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में लाता है।

## अस्पताल में परिचित से मिलने आए 3 युवकों को मार-पीटकर किया घायल

■ पीड़ितों की शिकायत पर पांच के खिलाफ किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

शहर के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन परिचित से मिलने पहुंचे तीन युवकों के साथ पांच युवकों ने मामुली सी कहासुनी होने पर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पांचो आरोपी युवकों के किलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामले में अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव मुकारबपुर निवासी मनान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी शमशाद व अमित के साथ सिविल अस्पताल यमुनानगर में उपचाराधीन एक परिचित से मिलने के लिए गए थे। इस दौरान उनकी वहां पर मतलूब, संदीप, संजीत, मोदी व सीबा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने उन तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह तीनों घायल हो गए। आरोपियों ने ड्ंट उठाकर उनकी कार के शीशे पर मारी। जिससे कार कार शीश टूट गया। आसपास के लोगों ने उन्हें आरोपियों से छुडवाया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निगम क्षेत्र की 111111 संपत्तियां हुई सत्यापित : अखिल पिलानी

## संपत्ति सत्यापन में यमुनानगर प्रदेश में नंबर वन

■ शहरवासियों से अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित करने की अपील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की 111111 संपत्तियां सत्यापित हो चुकी हैं। 51.01 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रदेश में पहले स्थान पर है। शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। निगम कर्मी जहां घर घर जाकर संपत्ति मालिकों से उनकी संपत्तियां सत्यापित करवा रहे हैं।





**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में अपनी प्रॉपर्टी सत्यापित करवाते प्रॉपर्टी मालिक।

तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति सत्यापित की जा रही हैं। यहां संपत्तियां सत्यापित करने के लिए लोगों की आपत्तियां दर्ज कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने शहरवासियों से अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संपत्ति सत्यापित करने से जहां उनकी प्रॉपर्टी सुरक्षित रहेगी। वहीं, उनकी प्रॉपर्टी आईडी से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। यदि संपत्ति मालिक अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करने में असमर्थ है तो वह निगम कार्यालयों में अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करवा सकते हैं। स्वयं संपत्ति सत्यापित करने से उनकी प्रॉपर्टी आईडी लॉक हो जाएगी। इसके बाद कोई भी बाहरी व्यक्ति उनकी प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगे। ऐसा करने से प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से भी बच जाएगा। जब तक नगर निगम क्षेत्र की हर संपत्ति सत्यापित नहीं हो जाती हैं तब तक यह कार्य जारी रहेगा।

### प्रदेश में अब तक सत्यापित संपत्तियां

यमुनानगर नगर निगम में कुल 217850 संपत्तियां हैं। जिनमें 111111 सत्यापित हो चुकी हैं। वहीं, हिसार में कुल संपत्तियां 155325 और सत्यापित हुई 40424, पानीपतन में कुल संपत्तियां180763 और सत्यापित हुई 75187, पंचकूला में कुल संपत्तियां 103560 और सत्यापित हुई 38413 , करनाल में कुल संपत्ति 170065 और सत्यापित हुई 57142, मानेसर में कुल संपत्ति 161092 और सत्यापित हुई 55586, रोहतक में कुल संपत्ति 218297 और सत्यापित हुई 73722 , गुरुग्राम में कुल संपत्ति 697367 और सत्यापित हुई 178269 व अंबाला में कुल संपत्ति 125676 और 31490 संपत्तियां सत्यापित हुई हैं। इसी तरह फरीदाबाद में कुल संपत्ति 728938 और सत्यापित हुई 174836 व सोनीपत में कुल संपत्ति 197515 हैं। जिनमें 44306 संपत्तियां सत्यापित हुई हैं। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपनी संपत्तियां सत्यापित करवाए जाने के लिए आहवान किया है।

### कुवि ने घोषित किए 15 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 15 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीए तृतीय सेमेस्टर रिअपीयर, एमएससी मैथ तृतीय सेमेस्टर नॉन सीबीसीएस, बीए टीटीएम तृतीय सेमेस्टर रिअपीयर व फ्रेश, एमएससी बायोटेक प्रथम सेमेस्टर एनईपी, बीटेक सीएससी 5वें सेमेस्टर, एमएससी जियोग्राफी व बीए एलएलबी ऑनर्स के प्रथम सेमेस्टर, बीएससी मल्टीमीडिया 5वें सेमेस्टर रिअपीयर सीबीसीएस व प्रथम सेमेस्टर एनईपी फ्रेश व रिअपीयर, बीएफए तृतीय सेमेस्टर एनईपी, बीएससी ग्राफिक्स एंड ऐनिमेशन तृतीय सेमेस्टर एनईपी, बीकॉम व बीए प्रथम सेमेस्टर डीडीई सीबीसीएस, एमएससी फोरेंसिक साइंस प्रथम सेमेस्टर तथा बीटेक 8वें सेमेस्टर स्पेशल ईसीई का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## देसी पिस्टल के साथ दो आरोपी काबू, रिमांड पर

■ गुप्त सूचना के आधार पर दोनों अलग-अलग स्थानों से दबोचे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

पुलिस ने दो मामलों में देसी पिस्टल के साथ दो युवकों को काबू किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है जहां से उनको एक दिन के लिए पुलिस रिमांड दी गई है।

सीआइए टीम को सूचना मिली कि सत्यम नाम का एक युवक अंबाला छावनी के थाना पड़ाव क्षेत्र में अवैध देसी पिस्टल के साथ खड़ा है। जिसको सूचना के आधार पर पुलिस ने पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। उसके बाद आज उसे कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। एक अन्य मामले में सीआईए-1 ने बताया कि 26 मई 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो अवैध हथियार सहित थाना अंबाला छावनी क्षेत्र के रामकिशन कॉलोनी कब्रिस्तान के पास खड़ा है।

सूचना उपरांत सीआईए-1 ने कब्रिस्तान के पास संदिग्ध आरोपी को देसी पिस्तोल सहित काबू किया। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ तोई निवासी सिमरन विहार बीडी फ्लोर मिल के पीछे नजदीक शिव मंदिर के रूप में हुई है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो अवैध पिस्टल के साथ दो आरोपी काबू किए हैं। अब उनकी रिमांड पुलिस को मिली है।

## खबर संक्षेप

### बंद पड़ी फैक्ट्री से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने बाड़ी माजरा सरकारी स्कूल के पास बंद पड़ी फैक्ट्री से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फैक्ट्री मालिक ने एक युवक पर सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। बाड़ी माजरा निवासी विकास ने बताया कि उसकी बाड़ी माजरा सरकारी स्कूल के पास फैक्ट्री कई वर्षों से बंद पड़ी है। 27 मई को वह फैक्ट्री में गया तो वहां से एलईडी, लोहे का स्टैंड तथा लोहे का अन्य सामान गायब मिला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि फैक्ट्री से अंकित ने चोरी की है। उसने अंकित के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### अवैध देशी कट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिले की एवीटी सेल की टीम ने शहर के रकबा चांदपुर से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। एवीटी सेल की टीम में तैनात सीटी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। टीम को सूचना मिली थी कि शहर के चांदपुर क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध दिख रहे घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसकी पहचान पहचान गांव भंभोल निवासी आशिक अली के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गांव काजनू में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव और जनता दरबार कार्यक्रम

# ग्रामीण बोला, गांव रत्नगढ़ में रह रहे अवैध नागरिक, कार्रवाई करे प्रशासन

**अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने पीपीपी की खामी, पुरानी बिजली तार व पोल बदलवाने, अवैध कब्जे हटवाने जैसी शिकायतें रखीं**



यमुनानगर। गांव कांजनू में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले के रत्नगढ़ गांव में भी जाली दस्तावेज बनाकर अवैध रूप से रहने वालों का खुलासा ग्रामीणों ने खुद जिला प्रशासन के गांव कांजनू में आयोजित जनता दरबार व रात्रि ठहराव के दौरान डीसी व एसपी के सामने किया। इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि हरियाणा के शहरों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक अवैध रूप से रह रहे लोग अपनी जड़े जमा चुके हैं।

मंगलवार को जिले के गांव कांजनू में डीसी पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता में एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया की मौजूदगी में जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम था। इसी दौरान डीसी के सामने अपनी शिकायत लेकर पहुंचे रत्नगढ़ निवासी संदीप ने अपनी शिकायत में कहा कि उनके गांव में काफी संख्या में लोग फर्जी दस्तावेज बनवाकर रह रहे हैं। जिससे गांव में सुरक्षा व्यवस्था को खतरा बना रहता है तथा ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### दरबार में ग्रामीणों ने ऐसे रखी अपनी समस्याएं

गांव कांजनू निवासी जय प्रकाश ने बिजली की पुरानी टूटे पोल को बदलवाने, सुरेंद्र कुमार निवासी लक्षीबांस ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने बारे, राजेश कुमार निवासी कांजनू डिच ड्रेन की सफाई करवाने बारे की मांग रखी। प्रियंका रानी निवासी संधाली ने परिवार पहचान पत्र में वेरीफाई करवाने बारे, अमरेंद्र प्रसाद निवासी कांजनू ने 100 गज के प्लाट बारे, जिले सिंह निवासी फतेहगढ़ दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे, रोहित कांबोज निवासी अधिकारियों के सामने कांजनू गांव में लोगों द्वारा बंद की गई गली को खुलवाने की मांग रखी।

साहब सिंह गांव खजूरी ने पंचायती भूमि फिरनी पर नाजायज कब्जा कर रिहायशी मकान बनवाने बारे व कुलभूषण गांव कांजनू ने बिजली बिल की माफी करवाने की शिकायत अधिकारियों के सामने रखी। डीसी ने शिकायतों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान सुनिश्चकत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर रात्रि ठहराव कार्यक्रम में अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार, सीटीएम पियूष गुप्ता, डीएसपी आशीष चौधरी, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, तहसीलदार रादौर सुदेश मेहरा, बीडीपीओ श्याम लाल व एसएमओ डॉ. विजय परमार इत्यादि मौजूद रहे।

### सरपंच ने बेटियों को दिया मानदेय

गांव कांजनू की महिला सरपंच रिम्पी देवी द्वारा अपने मानदेय की पूरी राशि 2022 से जन्म लेने वाली लड़कियों दृष्टि, नायरा, सीरत, वैशु, प्राशी, काव्या, दृष्टि, समरीत, जिया, जन्नय, आरणा, ईनायत, सचकीर्त, जागृति, नाव्या, रिधिका, अवनि, खनक, सीवरा, सुकृति, सेयंशा, साचवी को शगुन के रूप में देने की घोषणा की।

### घर द्वार पर समस्याओं का समाधान

सरकार का उद्देश्य प्रदेश के लोगों की समस्याओं का उनके घर द्वार पर ही समाधान करना है। जिसके लिए सरकार ने रात्रि ठहराव व जनता दरबार कार्यक्रम शुरू किया था। जिसके अभी तक सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। जनता दरबार व रात्रि ठहराव के दौरान अधिकारियों को जनता की समस्याओं से रूबरू होने का मौका मिलता है। जिसके आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। जिले में नियमित रूप से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बेटियों के सम्मान में सरपंच रिम्पी की पहल का भी स्वागत करते हुए कहा कि इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी।

*-पार्थ गुप्ता, जिला उपायुक्त।*



यमुनानगर। राजकीय आईटीआई में स्वापन रसोई (कैंटीन) का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि।*

## राजकीय आईटीआई यमुनानगर में स्वापन रसोई का उद्घाटन

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित स्वापन रसोई का किया शुभारम्भ
- रसोई में गरीब बच्चों को रियायती दरों पर मिलेगा खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आईटीआई यमुनानगर में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित स्वापन रसोई (कैंटीन) का शुभारम्भ बुधवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर आईटीआई के प्राचार्य दीपेश महेंद्रू ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता का स्वागत किया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि आजीविका मिशन की तरफ से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। गांव धौड़ंग की स्वयं सहायता समूह की पुष्पा रानी, अतरो, सुषमा, कविता देवी, ऊषा द्वारा स्वापन रसोई कैंटीन बनाई गई है। जिसमें गरीब बच्चों के लिए रियायती दर पर भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसी पहल से महिलाएं और आगे आएंगी। जिससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और परिवार की तरक्की में सहयोग मिलेगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वयं सहायता समूह को बधाई दी और उन्हें भविष्य में और तरक्की करने की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने आह्वान किया कि जिले की और महिलाओं को आगे आना चाहिए और स्वयं सहायता समूह बनाकर अपना एवं अपने परिवार का उत्थान करने की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए।इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के देवेन्द्र शर्मा और देवेन्द्र राणा इत्यादि सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी। उन्होंने बताया कि बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले वेतन व भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ व राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। सीजेएम ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं।

### सस्ता और सुलभ न्याय

सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है। कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने के लिए आहवान किया।




### तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**रादौर।** एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में बुधवार को तंबाकू के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्कूल प्राचार्य प्रमोद ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होती हुई निकली तथा लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थी हाथों में नारे लिखी तख्तियां व बैनर लेकर चल रहे थे। तंबाकू का सेवन एक गंभीर समस्या है जिससे लाखों लोग मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्यता को जड़ से खत्म कर देता है। मानव मानवता भूल कर पशुता की प्रवृत्ति अपना लेता है। इसलिए नशेड़ी व्यक्ति स्वयं परिवार व समाज के लिए खतरा बन जाता है। इस मौके पर विल्सन कुमार, सचिन, बलराम, योगिता व पारुल आदि मौजूद रहे।

## आवामी मंचः फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन

- राष्ट्रपति के नाम डीसी को ज्ञापन शांति स्थापित करवाने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



अवामी एकता मंच के सदस्यों ने बुधवार को जिला सचिवालय के समक्ष फिलिस्तीन के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद सीटीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से भारत को इजराइल से समर्थन वापस लेने और फिलिस्तीन में शांति स्थापित करवाए जाने की मांग की है।

बुधवार को अवामी एकता मंच के सदस्य मंच के वरिष्ठ नेता संजीव वालिया के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक फिलिस्तीन के समर्थन में अपने विचार रखे। इसके बाद मंच का प्रतिनिधिमंडल जिला सचिवालय में भीतर पहुंचा और राष्ट्रपति के नाम मौके पर मौजूद सीटीएम पीयूष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मौके पर मंच के वरिष्ठ नेता संजीव वालिया ने कहा कि गाजा में निर्दोष लोगों पर अमानवीय हमले हो रहे हैं। जिससे वहां पर भारी मात्रा में निर्दोष लोगों का नरसंहार हो रहा है। जो मानवाधिकारों का सीधा उल्घंन है। उन्होंने कहा कि अवामी एकता मंच गाजा में हो रहे निर्दोष लोगों पर हमलों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने भारत सरकार से फिलिस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं, अल्पसंख्यकों और दलितों पर हो रहे हमालों को बंद किए जाने की मांग की। मौके पर एनआर ग्रुप के जुल्फान ने कहा कि भारत की जनता हमेशा से पीड़ति मानवता के साथ खड़ी रही है और यह समर्थन उसी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने भारत सरकार से फिलिस्तीन में हो रही हिंसा के खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाते हुए संयुक्त राष्ट्र महासंघ के माध्यम से फिलिस्तीन में शांति स्थापित करवाए जाने के बारे में प्रयास करें। ताकि वहां के निर्दोष नागरिक शांति से रह सकें। इस मौके पर जरनैल सिंह सांगवान ने कहा आज हमारे देश में भी सेना को धर्म के आधार पर बांट जा रहा है। इसलिए भारतीय सेना को नीचा दिखाने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अजय, शादिक, राजेश बिंद्रा आदि ने भी अपने विचार रखे।

## हजारों रुपये के नशीले पदार्थ के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बरामद की तीन किलो गांजा पत्ती, जेल भेजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने हजारों रुपये के नशीले पदार्थ(गांजा पत्ती) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तीन किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एसआई रिषीपाल ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गशत कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव पांसरा के पास एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तीन किला गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान असम जिला कोकराझार के गांव सिमूलतापु निवासी अबु ताहेर शेख के रूप में हुई। आरोपी इस समय रायपुर में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विवेकानंद स्कूल के बच्चों ने लिया समर कैंप पूल पार्टी का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। स्वामी विवेकानंद स्कूल अलाहर में आयोजित पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे।

स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलाहर में बुधवार को समर कैंप के दौरान पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने नहाने का खूब आनंद लिया। बच्चे नहाने के साथ डांस भी कर रहे थे।

स्कूल प्रबंधक सुरेश कांबोज ने कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। यह आयोजन बच्चों के लिए एक आनंददायक और यादगार अनुभव रहता है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में जोश व शिक्षित करने के लिए अति आवश्यक है। स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते रहते हैं।

## गो हत्या के खिलाफ बिगुल बजाने वाले चौ. हरफूल जुलानी की किया नमन

- जाट सभा ने रादौर में आयोजित किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जाट सभा रादौर की ओर से पहले गो हत्या के खिलाफ बिगुल बजाने वाले चौधरी हरफूल जुलानी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर उन्हें पुष्पा अर्पित कर नमन किया।

प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि जुलानी का 1892 में भिवानी जिले के लौहारू तहसील के गांव परावास में जन्म हुआ था। फिर जींद के जुलानी गांव में बस गए। उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में भी अपना योगदान दिया था। उन्होंने हरियाणा व आसपास के क्षेत्र में 15 से अधिक बूचड़खानों को नष्ट कर दिया था। 1930 में चौधरी हरफूल जाट जुलानी ने अकेले ही टोहाना, फतेहाबाद हरियाणा का बूचड़खाना तोड़कर गो हत्या के खिलाफ बिगुल बजाया था और गौ हत्यारों का वध करने की एक शुरुआत की थी। उन्होंने जींद, नरवाना, रोहतक व गोहाना के बूचड़खाने भी खुद तोड़े और गऊ माता को मुक्त कराया। 28 मई 1936 में गौ रक्षा करने के जुर्म इस महान गोपुत्र को फांसी की सजा सुनाई व पंजाब की फिरोजपुर जेल में फांसी देकर देह को सतलुज में प्रवाहित कर दिया। बेजुबानों के लिए फांसी चढ़ने वाले वह एकमात्र गोपुत्र थे।

## ग्लोबल कॉलेज के रोटरेक्ट सदस्यों ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




ग्लोबबर इंजीनियरिंग कॉलेज नाचरौन के रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई अभियान का शुभारंभ क्लब के प्रधान भव्य सैनी ने स्वयं सफाई करके किया।

क्लब के प्रधान भव्य सैनी ने बताया कि सफाई अभियान के तहत सदस्यों ने पार्क से जंगली घास को साफ किया और वहां पड़ी गंदगी को उठाकर सफाई की गई। उन्होंने कहा कि साफ सफाई समय की मांग है। क्लब की ओर से समय समय पर सफाई अभियान चलाकर सभी को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साफ सफाई से ही हम बीमारियों से बच सकते हैं। सभी को साफ सफाई अपनाकर वातावरण को शुद्ध रखने में अपना योगदान देना चाहिए।

इस मौके पर रोटरी क्लब के उप प्रधान भारत माटिया व कोषाध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा ने रोटरेक्ट क्लब के सदस्यों का पार्क में सफाई अभियान चलाने पर आभार जताया। इस मौके पर इरफान खान, कार्तिक, अनुज, वजीम, अन्य, आर्य व्रत, मानसी, मीनाक्षी, माही, गगन, सुरभि व पायल मौजूद रहे।

### समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# 21 को से उत्साह मनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जिले में 21 जून को हर्षोल्लास से मनाए जाने को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रुप से मनाए जाने को लेकर दिशा निर्देशदिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागी भाग लें यह सुनिश्चित करें। मौके पर योग दिवस कार्यक्रम को लेकर विभागों की ड्यूटियां भी लगाई। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ साथ खंड स्तर पर रादौर, बिलासपुर, सढौरा, प्रतापनगर, छछरौली व सरस्वती नगर सहित 180 गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि 9 जून से 15 जून तक योग सहायकों द्वारा जिला के गांवों में योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंड स्तर के कार्यक्रम के लिए संबंधित एसडीएम नोडल रहेंगे। यह कार्यक्रम आयुष विभाग और जिला खेल विभाग द्वारा मनाया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह योग दिवस के कार्यक्रम में अपने विभाग के अधिक से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों को भेजे । उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। योग मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अनाज मंडी जगाधरी में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की पायलेट रिहर्सल होगी और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएसपी कंवलजीत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया व जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## सिंदूर के नाम पर की जा रही राजनीति : बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि सिन्दूर के नाम पर राजनीति की जा रही है। पहले बहन बेटियों का सिन्दूर छीना फिर आतंकी हमले का बदला लेने के नाम पर हमारे सैनिकों को मौत के मुंह में धकेला। जब हमारी सेना आतंकियों और उनके ठिकानों को खत्म कर रही थी तब एकदम से सैनिकों को अमेरिका के राष्ट्रपति के कहने पर वापस बुला लिया। इससे हमारी बहादुर सेना का मनोबल गिरा। आज तक देश की जनता मोदी से सेना को वापस बुलाने का कारण पूछ रही है लेकिन भारत के प्रधानमंत्री उत्तर नहीं दे रहे बल्कि देश में चुनावी रैलियां करने में व्यस्त है और अपनी जीत का जश्न मना रहे है।

## गीता विद्यालय सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट 2025 में बना चैंपियन

**कुरुक्षेत्र।** पंचकूला में आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम योग महोत्सव में श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्राचार्य अनिल मदान को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दिया गया।

### जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम का आयोजन

# राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने नाटिका प्रस्तुत कर जल बचाने का दिया संदेश

**अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कार्यक्रम के दौरान किया संबोधित**

वहरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** नाटक में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता है, सिर्फ बचाया जा सकता है। बरसाती पानी को भूमि में भेजने के लिए बोरवाल लगाया जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। वृक्ष पानी को बहने से रोकेंगे और भूमि में पानी भेजने का काम करते हैं। साथ ही बरसात लाने में भी पेड़-पौधे ही सहायक हैं। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की जरुरत है। इसके लिए टूंटी को खुली ना छोड़े, नहाते समय कम पानी का प्रयोग करें, ब्रुश व सेव करते समय नल बंद रखें। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि मनुष्य लगभग 3 लाख वर्ष पहले आए थे, अब पानी बचाओ की जरूरत क्यों पड़ी। हमने ये बात गंभीरता से सोचने की जरूरत है। हमारे बुजुर्गों ने समुद्र देखे, तालाब देखे। हमने जोहड़-तालाब देखे, टूंटी देखी और अब बोलत देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि पर पानी की कमी नहीं है, पर पीने के लायक पानी की कमी है। सबसे ज्यादा पानी एग्रीकल्चर में प्रयोग हो रहा है। दूसरे स्थान पर उद्योगों में और तीसरी जगह हमारे घरों में प्रयोग हो रही है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में 65 फीसदी पानी है। बिना पानी के हम मात्र 3 दिन ही जीवित रह सकते हैं। इसलिए पानी की बचत बहुत ही जरुरी है। घरों में प्रयोग होने वाले पानी का 40 फीसदी हिस्सा शौचालय में ही जा रहा है।

### वेस्ट को नदियों में नहीं छोड़ना चाहिए

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि भूमि से पानी का दोहन होने से हमारे एक के एक क्षेत्र डार्क जोन में जा रहे हैं। वेस्ट को नदियों में नहीं छोडऩा चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल घरों में आरओ का पानी प्रयोग किया जा रहा है। आरओ पानी की प्रक्रिया के दौरान 4 लीटर पानी में से 3 लीटर वेस्ट निकालता है और 1 लीटर शुद्घ पानी के तौर पर दे रहा है। इसमें 75 फीसदी पानी नष्ट हो रहा है।

### कार्यक्रम में इन स्कूलों ने दी प्रस्तुतियां

जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2025 कार्यक्रम में जल संचय जन भागीदारी थीम पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर ने नाटिका प्रस्तुत की। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने नाट्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना ने स्किट, पीएमश्री विद्यालय धुराला, धूलगढ़ गुलडेरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ने गायन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्दरपुर ने नाटिका प्रस्तुत कर जल बचाने का संदेश दिए। इस मौके पर जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिला परिषद सीईओ शंभू, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, जिला परियोजना संयोजक संतोष चौहान, मुख्यवक्ता श्रीभगवान, सत्य भूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नप थानेसर के हाउस की बैठक दूसरी बार भी स्थगित

- बैठक में कार्यकारी अधिकारी व सचिव के अचानक छुटटी पर जाने के चलते नप अध्यक्षा माफी ढांडा ने बैठक की स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद परिसर में मौजूद पुलिस कर्मी।

23 मई को नगर परिषद थानेसर की बैठक मे विधायक व पार्षद पति के बीच हुई हाथापाई के बाद नप थानेसर का मुद्दा पूरे हरियाणा मे गर्म है और लगातार इस मामले पर पक्ष विपक्ष की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। 28 को दोबारा बैठक रखी गई थी और नगर परिषद से लेकर मुख्य मार्ग तक पुलिस का पहरा लगाया था लेकिन बावजूद इसके भी बैठक को ऐन मौके पर कैंसिल कर दिया गया। बैठक मे जाने के लिए सुरक्षा के लिहाज से मेटल डिक्टेटर लगाया गया था। बैठक मे जाने के लिए बाकायदा नाम पूछने के बाद ही एंट्री दी जा रही थी। विधायक अशोक अरोड़ा भी समय से बैठक मे पहुंचे लेकिन बैठक कैंसिल कर दी गई।

### किसी से नहीं है निजी लडाई : अशोक अरोड़ा

मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि हमारी किसी से निजी लड़ाई नहीं है। हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की है। जो कहते थे यहीं बैठेंगे-यहीं बैठेंगे, आज कहीं नजर नहीं आए। ये हमारी जीत है।

### जब तक अशोक अरोड़ा माफी नही मांगेंगे तब तक हाउस की बैठक सुचारु रूप से नही चलेगी

नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा माफी ढांडा ने बताया कि नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के अचानक छुट्टी पर जाने के कारण और सचिव के छुट्टी पर रहने के कारण नगर परिषद हाउस की बैठक को स्थगित किया गया है। बतां दे कि 23 मई को थानेसर नगर परिषद हाउस की बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा व पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा निंदी के बीच विवाद के चलते बैठक स्थगित कर दी गई थी। बैठक में मौजूद पार्षदों ने विधायक अशोक अरोड़ा पर अभद्र भाषा का आरोप लगाया था। वहीं बुधवार को नगर परिषद में मौजूद नगर परिषद की अध्यक्षा माफी ढांडा, पार्षद दुष्यंत बक्शी, पार्षद गौरव भट्ट, महिला पार्षद प्रवीण शर्मा, महिला पार्षद निशा मदान, महिला पार्षद प्रियंका नारंग, महिला पार्षद ज्योति जांगडा, महिला पार्षद पूजा यादव, पार्षद संदीप कोहली, पार्षद पंकज खन्ना, पार्षद मोहन लाल अरोड़ा, पार्षद प्रेम नारायण अवस्थी, पार्षद मनिंद छिंदा, पार्षद कवि बजाज व पार्षद सुधीर चुघ ने कहा कि जब तक अशोक अरोड़ा माफी नही मांगेंगे तब तक हाउस की बैठक सुचारु रूप से नही चलेगी।

# जाट सभा कुरुक्षेत्र को सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा: नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जाट सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द व उनकी कार्यकारिणी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनसे मिलने आए उनके निवास संत कबीर कुटीर पर जाट सभा कुरुक्षेत्र के शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि जाट सभा कुरुक्षेत्र जो भी समाज हित में गतिविधियां चलाएगी उसमें सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे जाट सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने कुरुक्षेत्र आकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से जाट सभा के प्रतिनिधि मंडल की बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई है। जब जाट सभा का शिष्ट मंडल मुख्यमंत्री से मिला उस समय राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित रहे। डॉ श्योकन्द ने बताया कि जाट सभा द्वारा जाट धर्मशाला में व धर्मशाला से बाहर समाज हित जो भी गतिविधियां चलाई जा रही हैं उनसे मुख्यमंत्री को बाखूबी अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने जाट सभा द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को बड़े गौर से ही नहीं सुना बल्कि जाट सभा के कार्यों की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जाट सभा के नवनिर्वाचित प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द व उनकी समस्त कर्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आज रात 8 बजे से 8:15 बजे तक 15 मिनट का होगा ब्लैकआउट

- 29 मई को नागरिक सुरक्षा अभ्यास ऑपरेशन शील्ड का होगा आयोजन: उपायुक्त नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य की आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 29 मई को जिला कुरुक्षेत्र में ऑपरेशन शील्ड नामक एक प्रमुख राज्यव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने जा रही है। यह व्यापक अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और अन्य युद्धकालीन परिदृश्यों जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का अनुकरण करना है। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के पास रात 8 बजे से 8:15 बजे तक 15 मिनट का नियंत्रित ब्लैकआउट रखा जाएगा, जिसमें अस्पताल, अग्निशमन केंद्र और पुलिस स्टेशन जैसी आवश्यक आपातकालीन सेवाएं शामिल नहीं होंगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य मौजूदा आपातकालीन तंत्र का परीक्षण करना, नागरिक प्रशासन, रक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के बीच समन्वय में सुधार करना और उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जिन्हें मजबूत करने की आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री ने एबीसी ऑफ योग श्रृंखला-2 की वीडियो का किया डिजिटल विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र




पंचकूला के इंद्रधनुष स्टेडियम के सभागार में आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त सौजन्य से योग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय नायब सिंह सैनी, मुख्य मंत्री हरियाणा रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री आरती सिंह राव, स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा ने की। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत सभी उपस्थित जनों को हरियाणा योग आयोग की गतिविधियों व उपलब्धियों से सम्बंधित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। हरियाणा योग आयोग की पत्रिका योगमय हरियाणा व सूर्य नमस्कार से सम्बंधित पत्रिकाओं का विमोचन मुख्यमंत्री नायब सिंह के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र स्थित चिराग नर्सिंग होम के निदेशक डॉ मनीश कुकरेजा जो कि हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य भी हैं द्वारा रचित, परिवर्धित व निर्देशित एबीसी ऑफ योग श्रृंखला -2 की वीडियो का यू ट्यूब पर विमोचन भी मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपने कर कमलों से किया। लगभग 9 मिनट की इस वीडियो में एबीसी की सहायता से योग के 26 शब्दों को कविता, संगीत तथा ग्राफिक्स व एनीमेशन की सहायता से सरलता से सिखाया गया है। इस वीडियो की सहायता से खेल खेल में ही योग के सैद्धान्तिक व क्रियात्मक पक्षों को आसानी से सीखा व सिखाया जा सकता है। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार अभियान में उपलब्धियां अर्जित करने वालों को तथा योग से जुड़ी संस्थाओं को विशेष रूप से सम्मानित भी किया।

## ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों के हित के लिए समर्पित संगठन ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र कौशिक द्वारा की गई। बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गुलशन ग्रोवर द्वारा किया गया। बैठक में पत्रकारों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा बेबाकी से अपने विचार रखे गए जिन्हें मुक्त कंठ से सराहा गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि संघ के विस्तार के लिए पूरे जोर-शोर से प्रयास किया जाएगा और जिला इकाई का विस्तार विभिन्न मंडलों व उप-मंडलों में भी किया जाएगा।

# नालों की सफाई व्यवस्था का कार्य लगातार करवाया जा रहा : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि मानसून के आने से पहले उपमंडल में जलभराव और बाढ़ से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं। सम्बंधित विभागों के अधिकारी मानसून आने से पहले नालों की सफाई तथा जल निकासी का कार्य करवाने के कार्यों में जुट चुके हैं। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मानसून से पूर्व नालों की सफाई व जल निकासी प्रबंधन करने को लेकर अपडेट रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आमजन को मानसून के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिए विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए सभी उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। नालों की सफाई व्यवस्था का कार्य लगातार करवाया जा रहा है। बारिश में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर जल प्रबंधन कार्य को तेजी से किया जाए।

# मेधावी छात्रों को वितरित की पाठ्य सामग्री

- राजकीय विद्यालय के 5 जरूरतमंद छात्रों की वर्ष भर की फीस भी प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



मानव मित्र मंडल (रजि) कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला घीड़ में ब्रह्मलीन प्रो राम रतन शर्मा की प्रेरणा से छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह के अंतर्गत दसवीं एवं 12वीं कक्षा के 40 मेधावी छात्रों की अकादमिक उत्कृष्टता के आधार पर उन्हें पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रोत्साहन पत्र दिए गए। राजकीय विद्यालय के 5 जरूरतमंद छात्रों की वर्ष भर की फीस भी प्रदान की गई। इस दौरान डाइट पलवल कुरुक्षेत्र के प्राचार्य एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल रोहतास वर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि पंजाब नेशनल बैंक घीड़ के प्रबंधक पुष्पेंद्र शर्मा ने अध्यक्षता की। विमला देवी स्कूल मुखिया विशिष्ट अतिथि रहीं। समाजसेवी भगवान दास ने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया। मानव मित्र मंडल से जुड़े समाजसेवी महानुभावों को जन सेवा-सम्मान प्रदान किया गया।

# 2 से 30 तक गांवों में जागरूक करेंगे पैरा लीगल वॉलंटियर: नीतिका भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानेसर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि गांवों में नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए 2 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पैरा लीगल वॉलंटियरों की जिम्मेदारियों लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों में नसला हेल्पलाइन नंबर 15100, पॉश एक्ट, वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवाएं योजना 2016, मानसिक रूप से विकलांग व दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन योजना 2015 के बारे में जानकारी हासिल करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सूचना और पारदर्षिता पहल योजना 2025, कमजोर आदिवासियों, विमुक्त, घुमंतू जनजातियों को मजबूत करने की योजना, विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर 2 जून को गढ़ी सिंगा, 3 को सुरमी, 4 जून को अरुणाय, 5 जून को सारसा, 6 जून को धनीरामपुरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यक्रम** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहार माजरा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# स्वस्थ जीवनशैली बोझ नहीं, बल्कि भविष्य में आगे बढ़ने की नींव : डॉ. राकेश भारद्वाज

**जंक फूड से बचने और संतुलित आहार को अपनाने पर बल दिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. राकेश भारद्वाज।

अथर्व नव विकास संगठन एवं इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहार माजरा कुरुक्षेत्र में /"स्वस्थ जीवनशैली बोझ नहीं, बल्कि भविष्य में आगे बढ़ने की नींव है विषय पर एक प्रेरणादायक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनने के सूत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश भारद्वाज तथा आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने भाग लिया और बच्चों को जीवन में स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश भारद्वाज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया की चकाचौंध में अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होती जा रही है। रात-रात भर मोबाइल पर समय बिताना और असंतुलित दिनचर्या न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानसिक थकावट और एकाग्रता की कमी भी उत्पन्न करती है। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता का पहला कदम है,समय पर सोना और उठना। जब हम दिन की शुरूआत जल्दी और सकारात्मक ऊर्जा के साथ करते हैं, तो हमारी सोच भी स्पष्ट होती है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। उन्होंने जंक फूड से बचने और संतुलित आहार को अपनाने पर बल दिया, जिसमें ताजे फल, हरी सब्जियाँ और घरेलू खाना प्रमुख हैं।

### शिक्षक का दायित्व केवल शिक्षण तक सीमित नहीं

विद्यालय की प्रिंसिपल सरिता रानी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलती है, बल्कि उनके अंदर आत्मनियंत्रण, अनुशासन और आत्मविकास की भावना भी जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल शिक्षण तक सीमित नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों और अच्छे व्यवहार की ओर भी प्रेरित करना होता है। उन्होंने अथर्व नव विकास संगठन और आई.ए.पी. कुरुक्षेत्र दोनों का धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस बात का संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाकर एक सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीएंगे। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहा, बल्कि शिक्षकों के लिए भी चिंतन और प्रेरणा का विषय बन गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सरिता रानी,सविता रानी, संदीप सिंह,सुषमा,ईश्वर दत्त मुकेश,किरण सिंह,अनिल, राजेन्द्र सिंह शास्त्री एवं अन्य सहयोगी कर्मचारीगण ससम्मान उपस्थित रहे।

### शरीर, मन और आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य

*आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2004 वॉ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं के पास ऊर्जा और सपनों की शक्ति होती है, लेकिन यदि शरीर और मन स्वस्थ नहीं होंगे तो यह शक्ति व्यर्थ चली जाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की नींव है। आयुर्वेद के अनुसार शरीर, मन और आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य है, और यह संतुलन दिनचर्या, आहार, नींद और सोच से निर्मित होता है।*



## शारीरिक स्वस्थता के लिए स्वास्थ्य जांच जरूरी : प्रो. एआर चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जांच शिविर में पहुंचे केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच जरूरी है। नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल बीमारियों की पहचान होती है, बल्कि यह जीवनशैली में सुधार करने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करती है।


## नोटिस

सर्वसाधारण को एंवम सम्बन्धित सरकारी विभागों को सूचित किया जाता है कि सब-रजिस्ट्रार / सयुक्त सब-रजिस्ट्रार के समक्ष एक बिकी पत्र सम्पति हस्तांतरण/रहननामा क्रेता द्वारा पेश किया गया। जिसके अनुसार वाका पटटी झामड़ा, शाहाबाद के एरिया उधम सिंह कॉलोनी, शाहाबाद में स्थित मकान जिसका पुराना प्रोपर्टी आईडी नं० HSMCW1400263 वा न्यू प्रोपर्टी नं0 8C9A7GF9 है। जिसका कुल रकबा 136.800 वर्गगज है जो कि रमेश कुमार पुत्र श्री गोपाल दास निवासी मौहल्ला शहीद उधम सिंह कॉलोनी, शाहाबाद तह० शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र विक्रेता द्वारा श्रीमति वीणा देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार निवासी ग्राम पाडलू, तह० शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र क्रेता को सम्पति विक्रय की जानी है। यह कि उपरोक्त दस्तावेज 28/05/2025 को इस कार्यालय में पंजीकरण हेतु पेश किया गया है यदि इस दस्तावेज पर पंजीकरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति व विभाग को भूमि के शीर्षक अथवा मलकीयत के संबंध में कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह सब-रजिस्ट्रार सयुक्त सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में 15 दिन के अन्दर स्वंय आकर उपरोक्त भूमि से सम्बन्धित साक्ष्य/कोर्ट का स्टे इत्यादि असालतन व वकालतन प्रस्तुत करे अन्यथा समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 15 दिन उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही करते हुए यह दस्तावेज पंजीकृत कर दिया जाएगा।

हस्ता/-सब-रजिस्ट्रार-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार
शाहाबाद

## खबर संक्षेप

### डीसी ने की केसों की समीक्षा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बुधवार को कैंप कार्यालय में चिह्नित अपराध व एससीएसटी एक्ट केसों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह भौरिया, एसीयूटी राहुल कंवरिया मौजूद रहे।उपायुक्त ने तमाम केसों के बारे बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने आदेश दिए कि सभी केसों में कानूनी प्रक्रिया के तहत तेजी लाएं।

### एक जून को आयोजित होगा शिविर

**अंबाला।** शहीदे आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा 1 जून को गांव बहबलपुर में 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष राजेश भगत सिंह ने बताया कि शहीदे आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा धार्मिक व सामाजिक कार्यों में आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इसी कड़ी में 1 जून को गांव बहबलपुर में 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### गर्मी व हीट वेव से बचाव करें नागरिक

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।

### बीबीपुर में हुआ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**शहजादपुर।** गांव बीबीपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की शपथ दिलाई गई और बेटियों के नाम से पौधा रोपण किया गया। सुपरवाइजर मनप्रीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि लडक़ा-लडक़ी एक समान है, उन्हें लड़कियों को भी शिक्षित बनाये जिससे वह भी अपनी प्रतिभा के दम पर देश के विकास एवं समाज के उत्थान में अपना योगदान दे पाए। उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### गुरमुख सिंह ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को किया निहाल

**समालखा।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में 5वें गुरु श्री अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में संगत द्वारा किए जा रहे श्री सुखमणी साहिब के पाठ 38वें दिन में प्रवेश कर गए। बुधवार को प्रसाद की सेवा जितेन्द्र सिंह व चेतन कपूर के परिवार की तरफ से की गई। भाई गुरमुख सिंह ने गुरबाणी किर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी प्राधान जगतार सिंह बिल्ला ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे।वे एक महान कवि भी थे,जिन्होंने 2,218 भजनों की रचना की।गुरु ग्रंथ साहिब में उनके भजनों का सबसे बड़ा संग्रह है। बिल्ला ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब सिखों के लिए एक मार्गदर्शन है,जो उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान,नैतिक मार्गदर्शन,और जीवन जीने के सिद्धांतों से परिचित कराता है।

## शंभू बॉर्डर के पास ट्रक चालक की लापरवाही से हुए हादसे में गई तीन जानें

# दाखिले के सिलसिले में गए तीन छात्रों की भीषण हादसे में दर्दनाक मौत, एक गंभीर

जान गंवाने वाले छात्रों के परिवार में मातम, जख्मी छात्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, यूनिवर्सिटी से लौटते समय पंजाब के शंभू के पास ये हादसा हुआ





**अंबाला।** हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजपुरा की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में दाखिले के सिलसिले में गए तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद तीनों छात्रों के परिवार में कोहराम मच गया। एक ट्रक ने कार सवार चार युवकों को टक्कर मार दी थी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई।

जख्मी छात्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूनिवर्सिटी से लौटते समय पंजाब के शंभू के पास ये हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में मौत का शिकार हुए छात्रों की पहचान अंबाला कैंट की ट्रिब्यून कॉलोनी के प्रियांशु, सैनिक नगर बब्याल वासी खुशविंदर और एकता विहार निवासी अभिराज के रूप में हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन राजपुरा पहुंच गए थे। ट्रिब्यून कॉलोनी के 17 वर्षीय प्रियांशु नरूला अंबाला कैंट के मेजर आरएन कपूर स्कूल का छात्र था। 12वीं मेडिकल स्ट्रीम से पास करने के बाद वह पंजाब की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने की योजना बना रहा था।

बताया जा रहा है प्रियांशु की फार्मेसी में दाखिला लेने की रुचि थी। इसीकी जानकारी लेने के लिए वह अपने दोस्तों के साथ पटियाला की चितकारा यूनिवर्सिटी में गया था। पिता कपिल देव नरूला ने बताया कि उनकी कालीबाड़ी मंदिर के निकट केमिस्ट की शॉप है। दोपहर 3 बजे प्रियांशु का फोन मां के पास आया था। बोल रहा था कि शाम तक घर आ जाएगा और एक साथ ही खाना खाएंगे। इसी बीच मां ने जब दोपहर 4 बजे फोन किया तो फोन बंद आ रहा था। दोस्त को फोन लगाया तो वो किसी दूसरे व्यक्ति ने उठाया। तब जाकर इस हादसे का पता चला।

इस भीषण हादसे में बचा मनन कपूर अंबाला छावनी के दुर्गा मंदिर के पास का रहने वाला है। वह चितकारा यूनिवर्सिटी का छात्र है। गंभीर रूप से घायल होने के बाद मनन को राजपुरा से इलाज के लिए एमएम अस्पताल अंबाला रेफर किया गया था। जिसके बाद परिजन उसे अंबाला शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए। अभी मनन जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले खुशविंदर सैनिक नगर बब्याल का रहने वाला था। उसके दो भाई हैं और पिता सेना से रिटायर हैं। परिजनों ने बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि खुशविंदर पटियाला गया है। वह महेश नगर जाने के लिए घर से निकला था।

12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद खुशविंदर चंडीगढ़ में नौकरी करने लगा था। कुछ समय पहले नौकरी छोड़ने के बाद वह स्टडी वीजा पर विदेश जाने के लिए आईलेट्स कर रहा था।

इस हादसे के बाद तीनों युवकों के घरों में मातम पसरा है। सुबह से ही रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ है। तीनों के परिवार वाले रो-रोकर बेहाल हैं। बुधवार को परिजन पोस्टमार्टम के बाद शवों के आने का इंतजार कर रहे थे।

तीनों के शवों का राजपुरा के सरकारी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम हो रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले अभिराज के परिवार के सदस्य अंजू ने बताया कि अभिराज का एक बड़ा भाई और एक बहन है। दोनों भाई और बहन विदेश में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद जल्द ही दोनों भारत लौट रहे हैं। अभिराज के पिता एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर काम करते हैं।



**अंबाला।** ग्रामीण क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालते हुए पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी और कार्यकर्ता।

## सेना के कारण नागरिक ले रहे खुले आसामान में चैन की सांस

- पूर्व विधायक बोले पिछले दशक से सैन्य शक्ति बहुत अधिक मजबूत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में नारायणगढ़ मंडल के विभिन्न गांवों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत रेस्ट हाउस से हुई। यहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

मोटर साइकिल से निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का आरंभिक पड़ाव नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया पार्क रहा। यहां डॉ. पवन सैनी व यात्रा में शामिल अन्य लोगों ने 1965 में शहीद लांस नायक कृष्ण चंद वालिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इसके बाद यात्रा ने गांव नबीपुर, राऊ माजरा, संगरानी, कुल्लरपुर, हुसैनी, बतौरा, नई बरौली, बरौली, अकबरपुर, सेन माजरा, अहमदपुर होते हुए नारायणगढ़ में आकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल सभी लोगों हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। जोश एवं उत्साह के साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर गांव-गांव में पूरा वातावरण देशभक्ति के जज्बे से सरोबार कर दिया।इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की कुर्बानी और देश के गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमें युवाओं को प्रेरित करना है कि वे अपने देश और संस्कृति के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने यह भी कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज यात्रा नहीं, बल्कि लोगों के बीच राष्ट्रवाद, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के कारण ही हम सब देश में खुले आसामान में चैन से सांस ले पा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद से ही देश की सैन्य शक्ति बहुत अधिक मजबूत हुई है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरा विश्व भारत की सैन्य ताकत को देख चुका है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राकेश बिंदल, जगदीप कौर, संजीव कौशिक, दीपचंद सैनी, तुषार गुप्ता, कप्तान महेंद्र सिंह, ऋषिपाल सैनी, रवींद्र आर्य समेत कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नशा जीवन का सबसे बड़ा दुश्मन, नशे से बचें छात्र

- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से निजी स्कूल में आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते एसआई डॉ. अशोक वर्मा।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से बुधवार को नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक शहर से दूसरे शहर और गांव तक जाकर नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को वे अंबाला साइकिल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि साइक्लाथोन यात्रा संपर्ण हुई है लेकिन अभी नशे के विरुद्ध अभियान निरंतर है।

उन्होंने प्रोविडेंस पब्लिक स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय की प्राचार्य चांद बुद्धिराजा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 160 विद्यार्थियों, 19 शिक्षकों और 12 चालकों एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्मा ने सरल भाषा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि जीवन में स्वास्थ्य सबसे अमूल्य होता है। इसका सबसे बड़ा शत्रु नशा है। हमें इस नशे से अमूल्य स्वास्थ्य की रक्षा करनी है। उन्होंने विस्तार से बताया कि प्रदेश में नशा का कोई स्थान नहीं है। नशा मुक्त हरियाणा अभियान को साकार करने के लिए प्रतिदिन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जागरूकता के माध्यम से भी समझाया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर, धन के लोभ में जाकर, अज्ञानतावश अथवा जानबूझकर नशे के चंगुल में न फंसे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।

## 31 को प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में होगी पीटीएम

- विद्यार्थियों को दिए जाने वाले रचनात्मक ग्रीष्मकालीन गृहकार्य पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश के सभी प्राइमरी स्कूलों में 31 को पीटीएम बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में विभाग की ओर से सभी जिलों को पत्र भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि 31 को सुबह 9 बजे हर प्राइमरी स्कूल में पीटीएम का आयोजन होगा। इस दौरान जून के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को दिए जाने वाले रचनात्मक और अनुभव आधारित गृहकार्य के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। यह ग्रीष्मकालीन गृहकार्य 'निपुण हरियाणा मिशन' और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा -एफएस पर आधारित है जिसमें विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जुड़ी गतिविधियाँ करने का अवसर मिलेगा।

ये गतिविधियाँ विद्यार्थियों की रचनात्मकता, स्वायत्तता और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करेंगी। इस कार्य में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। इस पीटीएम के दौरान अभिभावकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश की प्रकृति, कक्षा अनुसार गतिविधियों तथा उनके क्रियान्वयन से अवगत कराया जाएगा। इस दिन विद्यालयों में कोई शैक्षणिक गतिविधि नहीं होगी। विभाग की ओर से जारी पत्र में बैठक के आयोजन, संवाद की संरचना व गतिविधियों और समुदाय की भागीदारी बारे जानकारी दी गई है। इस बैठक की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए सभी कलस्टर मुखिया, बीआरपी व एबीआरसी (जिनका प्रशिक्षण नहीं है) अपने-अपने अधीनस्थ एक-एक विद्यालय का दौरा करेंगे।

### अभिभावकों की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक

31 को आयोजित होने वाली यह पीटीएम विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच रचनात्मक संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर होगी। ग्रीष्मकालीन गृहकार्य को केवल एक शैक्षणिक दायित्व न मानते हुए हम इसे विद्यार्थियों की जिज्ञासा, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का माध्यम बना रहे हैं। 'निपुण हरियाणा मिशन' और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-एफएस के अनुरूप तैयार इन गतिविधियों में अभिभावकों की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है।

-सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

## दिव्यांग छात्रों को बांटी टीएलएम किट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




**बराड़ा।** कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थी।

राजकीय आदर्श संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संसाधन कक्ष में दिव्यांग विद्यार्थियों को टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) किट्स वितरित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीपीसी ऑफिस से एपीसी पूजा, विद्यालय प्राचार्या मंजू बाला, सामान्य व विशेष शिक्षक, दिव्यांग विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 3 तथा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 6 टीएलएम किट्स वितरित की गईं। एपीसी पूजा ने विद्यार्थियों को इन किट्स के प्रयोग की विधि और महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं प्राचार्या मंजू बाला ने आईडी संसाधन कक्ष के माध्यम से दी जाने वाली अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी सांझा की।

विशेष शिक्षक सतदेव वर्मा और अखिलेश यादव ने अभिभावकों को टीएलएम के प्रभावी उपयोग तथा उनके लाभ के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि इन शिक्षण सामग्री की मदद से दिव्यांग विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक सरल और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए जलपान की उचित व्यवस्था की गई थी। इस सराहनीय पहल से दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा और उन्हें समावेशी शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे।

## भारत के चौथी अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस का पलटवार

- जैन बोले कुछ लोगों के डेटा पर विकास का ढोल पीट रही सरकार
- एक अरब से ज्यादा लोगों के पास दैनिक जरुरतों पर खर्च करने के लिए पैसा तक नहीं, 80 लाख परिवार पांच किलो राशन पर जिंदा रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

केंद्र सरकार के भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के दावे पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि कुछ लोगों के डेटा के आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस समय देश ने बेरोजगारी के तमाम रिकॉर्ड तोड़े हुए हैं। पिछले 45 सालों में बेरोजगारी के साथ अमीर-गरीब के बीच की खाई बेहद गहरी हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि देश के कुछ अरबपतियों के डेटा के आधार पर भाजपा जापान को पीछे छोड़ने का डंका पीट रही है।

खुद पीएम नरेंद्र मोदी रोड शो के दौरान बिना किसी पुख्ता डेटा के चौथी अर्थव्यवस्था होने का दम भर रहे हैं। जैन ने देश में बेरोजगारी के बढ़ते स्तर और अमीर-गरीब के बीच बढ़ती असमानता को लेकर विकास के दावों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि देश के एक अरब से ज्यादा लोगों के पास अपनी दैनिक जरुरतों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। ऐस में हम चौथी अर्थव्यवस्था होने का झूठा दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग ईएमआई के बोझ तले संघर्ष कर रहा है। एमएसएमई सेक्टर तबाह हो गया है।असंगठित अर्थव्यवस्था की हालत भी बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात कोई ऐतराज नहीं कि देश में तेजी से विकास होना चाहिए। मगर इसके साथ साथ जनता का जीवन स्तर में भी सुधार होना चाहिए।

जैन ने कहा कि बेशक देश की जीडीपी 4.19 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। इसी आधार पर उसे जापान से अधिक बताया जा रहा है। मगर जमीनी स्तर पर देश की हालत बेहद खस्ता है। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक विकास के लाभ समान रूप से नहीं वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 80 लाख परिवार पांच किलो राशन पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार देश के चौथी अर्थव्यवस्था बनने का ढोल पीट रही है।

## गवर्नमेंट कॉलेज में शुरू हुई एमएससी फिजिक्स व मैथ, छात्रों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार ने अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इस सत्र से फिजिक्स व मैथ विषय में एमएससी कोर्स शुरू करने की अनुमति दी है। इस उपलब्धि से कॉलेज में खुशी का माहौल है। इससे छात्रों को साइंस में उच्च शिक्षा व अनुसंधान करने वाले छात्रों को अब यूनिवर्सिटी स्तर की सुविधा कॉलेज में ही मिल पाएगी। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने बताया कि मॉडल संस्कृति कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद यह दूसरी बड़ी सौगात सरकार ने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को दी है। प्रिंसिपल बाजवा ने इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट कॉलेज में फिजिक्स व मैथ दोनों विभागों में अनुभवी व रेगुलर टीचिंग फैकल्टी हैं। ऐसे में इन कोर्सों में दाखिला लेने वाले छात्रों को विशेष लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थान होने के कारण एस सी, बीसी सहित कई अन्य श्रेणियों के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप का भी प्रावधान है। फिजिक्स विभाग से प्रोफेसर डॉ. प्रियंका ने बताया कि कॉलेज स्तर पर एमएससी शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली लड़कियों को विशेष लाभ होगा जो पारिवारिक कारणों से बाहर पढ़ने नहीं जा सकती। मैथ विभाग की अध्यक्ष डॉ. रजनी सैनी ने कहा कि कॉलेज स्तर पर एमएससी मैथ शुरू होने से छात्रों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं पैदा होंगी।

## वीसी के जरिए सीएम नायब सैनी ने उपायुक्त को दिए जरुरी बंदोबस्त करने के निर्देश

# अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निकाली जाएंगी जन जागरण यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर ब्लॉक पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उपायुक्त बुधवार को अपने कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत किए जाने वाले कार्य एवं तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने से बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि योग की उत्पत्ति भारत से हुई है और योग को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ योग मैराथन, योग जागरण यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करवाना है ताकि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरे प्रदेश में भव्य तरीके से मनाया जा सके। उन्होंनें बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। योग को हमें उत्सव के रूप में मनाकर इसका संदेश पूरे विश्व को देना है। आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के तहत प्रशिक्षण का शैडयूल जारी किया जाएगा। उस शैडयूल के तहत प्रशिक्षण करवाना है। उपायुक्त ने कहा कि वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य करवाना सुनिश्चित करना हैं।सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत हमें सभी कार्यों को बेहतर तरीके से करते हुए पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना हैं। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग को पेयजल , स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस , नगर निगम व नगर पालिका को सफाई , अग्निशमन विभाग को फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत सभी तैयारियों एवं कार्य समय रहते होने सुनिश्चित होने चाहिए। हम सबको मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला में भव्य तरीके से आयोजन करवाना हैं। योग मैराथन के साथ-साथ पायलट रिहर्सल भी समयबद्ध तरीके से होनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहजीत, एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त अदिति, आरटीए सुशील कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, अधीक्षक अभियंता साहिल शर्मा, डॉ. खुशीला, सीडीपीओ सुमन दहिया, कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक, डीआईओ शुभम जोधा भी मौजूद रहे।